# बिहार विधान परिषद

**(203 बजट सत्र)**

## 28 फरवरी 2023

----

**[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].**

**कुल प्रश्न 21**

----

**बकाये राशि का भुगतान**

*1 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विक्रान्त लाइफ साइंसेज प्रा. लि., नेताजी सुभाष पैलेस, पीतमपुरा, दिल्ली - 34 ने बिल नं. बी. एल. एस./पटना/16-17/001, दिनांक-10.08.2016 के माध्यम से I.G.I.M.S., पटना आपूर्ति आदेश संख्या–I.G.I.M.S./2016/1969/ADM/BME/225, दिनांक- 27.04.16 के विरुद्ध ऑटोक्लेब कार्यात्मक मशीन I.G.I.M.S., पटना को सौंपी है जिसका लागत मूल्य बीस लाख रुपये है;

(ख) क्या यह सही है कि मेसर्स जेनिस्ट टेक्रोकेसी प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत वितरक के रूप में मशीन को उद्धृत कर आपूर्ति की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि विक्रान्त लाइफ साइंसेज प्रा. लि. ने भुगतान जारी करने हेतु लगभग पन्द्रह बार अनुरोध वरिष्ठ जैव चिकित्सा अभियंता, I.G.I.M.S., पटना से की है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विक्रान्त लाइफ साइंसेज प्रा. लि., नेताजी सुभाष पैलेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली के बकाये राशि

का भुगतान यथाशीघ्र करना चाहती है?

----

## चिकित्सा की सुविधा

***2 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के गंगा धरमपुर, औरा, अरकोनी स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन जर्जर रहने के कारण मरीजों के चिकित्सा में काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन की मरम्मती कराकर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## ऋण उपलब्ध कबतक

***3 श्री महेश्वर सिंह (पूर्वी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **उद्योग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में स्टार्टअप के लिए युवा उद्यमियों को मात्र एक प्रतिशत ही ऋण दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि बड़े पैमाने पर पढ़े-लिखे इंजीनियर, डॉक्टर, एम.बी.ए. उद्यमी राज्य में स्टार्टअप उद्योग लगाने के इच्छुक हैं लेकिन अर्थाभाव तथा बैंकों के असहयोग के कारण वे उद्योग नहीं लगा पा रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार स्टार्टअप के इच्छुक युवाओं को पर्याप्त मात्रा में ऋण उपलब्ध कराने हेतु क्या कार्रवाई करना चाहती है?

----

## विद्युत पोल को अन्यत्र स्थापित

***4 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिले के एकमा प्रखंड के अन्तर्गत ग्राम- कोहरगर में श्री इन्द्रदेव राय के आवास के ठीक सामने सड़क के बीचोबीच, जिसका खाता नं०- 1010 एवं सर्वे नं०- 2671 में ठेकेदार के द्वारा बिजली का पोल गाड़ देने के कारण आम लोगों का यातायात बाधित हो गया है, साथ ही बच्चों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का

सामना करना पड़ रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि इस संबंध में श्री केदारनाथ पाण्डेय, मा० सदस्य, बिहार विधान परिषद् (सम्प्रति दिवंगत) ने भी कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, सारण को दिनांक- 23.11.2021 को पत्र के द्वारा पोल हटाने के संबंध में अनुरोध किया था;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित विद्युत पोल को अन्यत्र स्थापित कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## नीति बनाने का विचार कबतक

*5 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में 'हर घर नल जल' योजना के तहत सभी ग्रामीण परिवारों को जल पहुंचाने का प्रमुख पड़ाव हासिल कर लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि गांव में घर-घर तक जल पहुंचाने के साथ-साथ पानी की गुणवत्ता एवं इसके दुरुपयोग को रोकने की आवश्यकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुरक्षित पेयजल सेवाओं से जुड़े संकेतकों यथा-जलापूर्ति की दर, अवधि, मात्रा एवं गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु नीति बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र/उपकेन्द्र कबतक

*6 **श्री दिलीप कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद प्रखंड के परसडीह पंचायत के ग्राम ममका में कोई भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/उपकेन्द्र नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक- 228 (10), दिनांक- 24.06.2022 के द्वारा समाहर्ता, औरंगाबाद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने हेतु भूमि उपलब्ध कराने की मांग की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि ग्राम ममका में स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोलने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपने पत्रांक- 229 (10), दिनांक- 24.06.2022 के द्वारा सिविल सर्जन, औरंगाबाद से भी भूमि उपलब्धता एवं आवश्यक सामग्री संदर्भ में पत्राचार किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो परसडीह पंचायत के ग्राम ममका में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/उपकेन्द्र खोलने हेतु भूमि उपलब्धता के सन्दर्भ में

कौन-सी कार्रवाई की गयी तथा वर्णित केन्द्र सरकार खोलना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्युतिकरण करने का विचार कबतक

*7 **डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखण्डान्तर्गत मौजे- गढ़गांव, गोबरगढ़हा आधा, भवानीपुर, बक्सा, बगेबा एवं बसीपट्टी इत्यादि नदी के पूरब के गांवों का विद्युतीकरण अबतक नहीं किया जा सका है, जिसके चलते करीब 5000 (पांच हजार) की आबादी विद्युत के अभाव में अंधेरे में रहने को मजबूर हैं;

(ख) क्या यह सही है कि विद्युत कार्य प्रमण्डल, झंझारपुर एवं अंचल कार्यालय, दरभंगा को भी इसकी जानकारी रहने के बावजूद उक्त वर्णित गांवों के शत-प्रतिशत परिवारों के घरों तक अबतक विद्युत पहुंचाने की योजना को कार्यान्वित नहीं किया जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हर घर तक बिजली पहुंचाने की नीति के अन्तर्गत उक्त वर्णित गांवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक और नहीं तो क्यों?

----

## उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण

*8 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला में 15 वर्षों से प्यारेचक पंचायत के शर्मा ग्राम में वर्षों से किराये के मकान में उप स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है जिससे आमजनों को परेशानी होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कबतक कराना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## नियुक्ति का विचार कबतक

*9 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के जिला अस्पतालों में डॉक्टरों के 36 प्रतिशत एवं

अनुमंडल अस्पतालों में 66 प्रतिशत पद तथा जिला एवं अनुमंडल अस्पतालों में पारा मेडिकल स्टाफ के 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*10 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिले के हनुमान नगर प्रखण्ड के गांव पटोरी में स्वास्थ्य विभाग का विशनपुर बिरौली पी.डब्ल्यू.डी. मुख्य सड़क के किनारे लगभग 3 एकड़ भूमि उपलब्ध है जो ग्रामीणों द्वारा बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग को 1960 ई० में अस्पताल निर्माण हेतु दान में दी गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि वर्तमान में उक्त भूमि पर कोई अस्पताल नहीं चल रहा है एवं भवन निर्मित है एवं ग्रामीण द्वारा वर्षों से इस भूखंड पर 50 बेड का अस्पताल निर्माण करने की मांग की जाती रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमि की उपलब्धता एवं जन भावना को देखते हुए उक्त अस्पताल के स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण

*11 **डा. कुमुद वर्मा (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखण्ड के कोची पंचायत के दधपा गांव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण लगभग 17000 की जनसंख्या वाले ग्रामीणों को 6-7 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वास्थ्य सुविधा के लिए जाना पड़ता है ;

(ख) क्या यह सही है कि इसी तरह गुरारू प्रखण्ड के कनौसी पंचायत के केरकी गांव में भी उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को काफी असुविधा होती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित पंचायत के गांव में शीघ्र स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भुगतान कबतक

***12 श्री भूषण कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कोविड- 19 के समय प्रवासी मजदूरों के लिए क्वारेंटाइन सेंटर पर 14 दिन रखने की व्यवस्था की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि क्वारेंटाइन सेंटर पर भोजन, लुंगी, गमछा, तेल, साबुन, बाल्टी, ब्रश इत्यादि की व्यवस्था करायी गई थी;

(ग) क्या यह सही है कि वैशाली जिले के भगवानपुर प्रखंड में क्वारेंटाइन सेंटर संचालित करने वाले व्यक्तियों का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्वारेंटाइन सेंटर संचालित करने वाले व्यक्तियों का भुगतान कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## मुआवजा का भुगतान

***13 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के नरहट प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम – पुनौल के श्री रामलखन प्रसाद की पत्नी सुमित्रा देवी की दिनांक – 14.05.2021 को कोविड- 19 से वर्द्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी (नालंदा) में मृत्यु हो गयी थी, जिनकी पंजीकरण संख्या- 10-1713-000348 है;

(ख) क्या यह सही है कि कार्यालय की त्रुटि के फलस्वरूप पंजीकरण की तिथि 24.05.2021 दर्ज हो जाने के फलस्वरूप मृतका के निकटतम आश्रित को आजतक देय अनुग्रह अनुदान का भुगतान नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतका के निकटतम आश्रित को मुआवजा का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अल्पसंख्यक बच्चों को कितना फायदा

***14 श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **अल्पसंख्यक कल्याण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम द्वारा अल्पसंख्यक छात्रों को ऋण मुहैया कराया जाता है;

(ख) क्या यह सही है कि अल्पसंख्यकों के बीच माइक्रो फाइनान्स योजना शुरू नहीं की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ने वर्ष 2022-23 में कितना ऋण बांटा एवं इस ऋण से अल्पसंख्यक बच्चों को क्या फायदा हुआ?

----

## गंगाजल की व्यवस्था

*15 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि जिला जहानाबाद, प्रखंड- मखदुमपुर में प्राचीन वाणावर पहाड़ स्थित है जहां ऐतिहासिक बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर स्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि वाणावर से कुछ दूरी पर जिला गया के ग्राम- बीथो, फल्गु नदी में गंगाजल लाया गया है लेकिन वाणावर पहाड़ी को गंगाजल से दूर रखा गया है;

(ग) क्या यह सही है कि वाणावर में गंगाजल आ जाने से बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में दर्शनार्थी गंगाजल से जलाभिषेक कर सकेंगे एवं पर्यटन की दृष्टि से भी यह स्थान विकसित हो जाएगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वाणावर पहाड़ी, बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पर डैम के माध्यम से गंगाजल पहुंचाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था

*16 **श्री रविन्द्र प्रसाद सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत पुनपुन प्रखण्ड स्थित मरांची ग्राम में स्वास्थ्य उपकेंद्र पूर्व से स्थापित तथा कार्यरत है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र मरांची की अपनी भूमि उपलब्ध है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तब्दील करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## रिपोर्ट लागू नहीं

***17 श्री कार्तिक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, पटना):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि ऊर्जा विभाग के अधीन कंपनी (BSPHCL एवं अनुषंगी कंपनियों) में सचिवालय संवर्ग (राज्य सरकार के सचिवालय संवर्ग के अनुरूप गठित संवर्ग) के सहायकों एवं प्रशाखा पदाधिकारियों के अलावा अन्य सभी कर्मियों का वेतनमान बिहार सरकार में कार्यरत कर्मियों के अनुरूप है अथवा अधिक है;

(ख) क्या यह सही है कि ऊर्जा विभाग के अधीन विद्युत कंपनी (BSPHCL एवं अनुषंगी कंपनियों) में सचिवालय संवर्ग के सहायक एवं प्रशाखा पदाधिकारी के वेतनमान में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए शंकर झा समिति ने अपनी अनुशंसा 2018 में ही की थी, इस समिति को 2022 में रद्द कर पुनः विनोदानंद झा समिति गठित की गई एवं विनोदानंद झा समिति ने अपनी रिपोर्ट लगभग छः-सात महीने पूर्व ही सौंप दिया है, परंतु इतना समय बीत जाने के बावजूद रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कंपनी (BSPHCL एवं अनुषंगी कंपनियों) में सचिवालय संवर्ग के सहायक एवं प्रशाखा पदाधिकारी के वेतनमान को राज्य सरकार के अनुरूप करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जर्जर भवन का निर्माण

***18 श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिले के शिवहर प्रखंड में चमनपुर पंचायत के चमनपुर गांव में पूर्व से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर स्थिति में है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लोकहित में उक्त स्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन को बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई पर विचार

***19 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के अस्पतालों में दवा की आपूर्ति करने वाली कई

एजेंसियां तय मानकों के अनुसार दवा उपलब्ध नहीं करा रही हैं;

(ख) क्या यह सही है कि अधिकतर एजेंसियों द्वारा ससमय दवा उपलब्ध नहीं करायी जाती है और दवा की तिथि समाप्त होने पर एजेंसियां उनको लौटाने में भी आना-काना करती हैं, इस कारण अस्पतालों में आनेवाले मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ऐसी एजेंसियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## राशि का भुगतान

*20 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **ऊर्जा** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अभिषेक कुमार, प्र. मे. तारा इन्टरप्राइजेज, सरस्वती मार्केट, रामदयालु नगर, मुजफ्फरपुर के द्वारा एल. एण्ड टी. कन्सट्रक्शन, हाजीपुर जिला अन्तर्गत पीरोई पावर सब स्टेशन के आवंटित कार्य को पूरा करने के बावजूद अबतक संबंधित संवेदक को पूरी राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इस संबंध में संवेदक के द्वारा विभागीय पदाधिकारियों से कई बार पत्र के द्वारा अनुरोध किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आवंटित किये कार्यों का भुगतान श्री अभिषेक कुमार संवेदक को कबतक करने का विचार रखती है?

----

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण

*21 **श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

क्या मंत्री, **स्वास्थ्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के सभी प्रखण्ड अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के अभाव में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण नहीं हो पाया है;

(ख) क्या यह सही है कि ग्रामीण भू-स्वामी अपनी रैयती भूमि स्वेच्छा से स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण के लिये दान स्वरूप देना चाह रहे हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विभागीय स्तर पर सर्वेक्षण कराकर स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----